चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांकःगोप / प्रयो0/296
दिनांकः 26.08.2020

प्रेस विज्ञप्ति

प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक,(लॉ कालेज)
राजकीय / अनुदानित / स्ववित्तपोषित संस्थान /
महाविद्यालय / विश्वविद्यालय परिसर
सम्बद्ध चौ0चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ।

विषयः विषम सेमेस्टर दिसम्बर 2019 प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा ऑन लाईन कराये जाने दिशा निर्देश के सम्बन्ध में।
महोदय / महोदया,

परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 30.7.2020 के मद संख्या–10 में पारित संकल्प के क्रम में विधि संकाय की प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा सम्पन्न कराये जाने के सम्बन्ध में संकायाध्यक्ष विधि द्वारा प्राप्त सुझावों को माननीय कुलपति जी द्वारा अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है। माननीय कुलपति जी के आदेश के अनुपालन में परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 30.07.20 के मद संख्या 10 में पारित संकल्प के तारत्म में कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत विधि संकाय की विषम सेमेस्टर दिसम्बर 2019 की प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षाऐं सम्पन्न कराये जाने हेतु निम्नलिखित दिशा निर्देशों को निर्गत किये जा रहे है।

1. ऑनलाईन मौखिक परीक्षाओं(एलएल0बी0),(बी0ए0एलएलबी0) विषम सेमेस्टर दिसम्बर 2019 के लिये संस्थान / महाविद्यालयों को छात्र / छात्राओं की सहमति लेनी होगी।
2. संस्थान द्वारा प्रोजेक्ट फाईल परीक्षकों को प्रत्यक्ष रूप से अथवा ई–मेल के माध्यम से उपलब्ध करानी होगी।
3. परीक्षा होते समय यह सुनिश्चित संस्थान को करना होगा कि एक बार में एक ही परीक्षार्थी ऑनलाईन हो।
4. परीक्षा प्रारम्भ से अंत तक सभी प्रकार के कार्य (जैसे– लिंक जनरेट करना, उपस्थिति व परीक्षाकाल में अनुशासन) महाविद्यालयों / संस्थानों द्वारा करना होगा।
5. परीक्षा का संचालन परीक्षक द्वारा अपने स्थान / महाविद्यालय से किया जायेगा।

अतः आदेशानुसार मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उपरोक्त दिशा निर्देशों का अनुपालन करते हुए विधि संकाय की विषम सेमेस्टर दिसम्बर 2019 की प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा सम्पन्न कराकर अंक ऑनलाईन विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अपलोड करते हुए अंकपर्णों की दो प्रतियॉ (कुलसचिव प्रति एवं टेबुलेटर प्रति) विलम्बतम दिनांक 07.09.2020 तक गोपनीय विभाग की खिड़की संख्या 40 पर उपलब्ध कराये जाने का कष्ट करें।

भवदीय,
26/8/2020
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. सचिव कुलपति को, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. सचिव प्रति कुलपति को, प्रति कुलपति महोदया जी के संज्ञानार्थ।
3. वयैक्तिक सहायक कुलसचिव को, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
4. संकायाध्यक्ष विधि, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ।
5. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता / सहायक प्रेस प्रवक्ता को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6. प्रभारी वैबसाइट को, विश्वविद्यालय की वैबसाइट पर अपलोड कराने हेतु।
7. प्रभारी कम्प्यूटर सेल / परीक्षा परिणाम सैल, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ।
8. आउट सोर्सस कम्पनी (मासकोट सोफ्टवैब सोलूसन प्राईवेट लिमटिड), को इस आशय से प्रेषित कि सम्बन्धित महाविद्यालय द्वारा वैब साईट पर विषम सेमेस्टर प्रणाली परीक्षा दिसम्बर 2019 की प्रयोगात्मक / मौखिकी परीक्षा के अंक ऑनलाईन अपलोड करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

उप कुलसचिव(गोपनीय)